दिनांक : 10.08.2025 समय : 02.10pm

**आकाशवाणी भोपाल**

**दोपहर समाचार**

## रेल कोच फैक्ट्री–भूमिपूजन

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज रायसेन जिले के उमरिया ग्राम में रेल कोच इकाई का भूमिपूजन किया। उमरिया में 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली ब्रह्मा परियोजना यानी बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग से राजधानी भोपाल सहित रायसेन, सीहोर और विदिशा आदि जिलों को लाभ होगा और करीब 5 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, इस इकाई के शुरू होने पर यहां वंदे भारत–अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के कोच का निर्माण होगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि "आज जिस रेल कोच फैक्ट्री का भूमि पूजन हुआ है, मैंने देखा कि इसका नाम आपने 'ब्रह्मा' रखा है... आदिकर्ता के नाम पर इस यूनिट का नाम रखना, अपने आप में बहुत बढ़िया सुझाव है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह यूनिट, अपने नाम से प्रेरणा लेते हुए और उसे साकार करते हुए, उत्पादों के निर्माण के मामले में नई ऊंचाइयां छुएगी" ...

भूमिपूजन कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं रायसेन में बचपन से आता रहा हूं। यहां पाँव–पाँव भी घूमा और साइकिल यात्रा भी की। आज मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से निर्यात लगभग 20 हजार करोड़ रूपये है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि न सिर्फ राजधानी क्षेत्र बल्कि प्रदेश के विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना से औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप भी लाभान्वित होगा।

## फसल बीमा योजना राशि

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन जिले में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि फसल बीमा योजना के किसान भाईयों के खातों में कल 1156 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की जाएगी।

## पीएम–वंदे भारत ट्रेन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बेंगलुरू में केएसआर रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु–बेलगावी, माता वैष्णोदेवी कटरा–अमृतसर और नागपुर–पुणे वंदे भारत रेलगाड़ियां शामिल हैं। इसके बाद, प्रधानमंत्री इलेक्ट्रॉनिक सिटी को बोम्मनहल्ली से जोड़ने वाली येलो लाइन मेट्रो सेवा का शुभारंभ करेंगे। दोपहर बाद, श्री मोदी नम्मा मेट्रो के तीसरे चरण की आधारशिला रखेंगे, जिसमें दो कॉरिडोर होंगे।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज भोपाल, नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल सहित 10 जिलो में तेज बारिश की संभावना जताई हैं। श्योपुर, मुरैना, पन्ना, सिवनी, बालाघाट सहित 15 जिलों के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में टर्फ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिविटी होने से 13 अगस्त से प्रदेश में तेज बारिश का दौर शुरू होगा।

**समाचार संक्षेप में :–**

- शिव उपासना के पर्व श्रावण मास के समापन कार्यक्रम की शुरूआत आगरमालवा सहित जिलेभर के विभिन्न शिवालयों में आज से हो गई है जो एक लगभग एक पखवाड़े तक चलेगा। इसके तहत शिवालयों में प्रतिदिन पूजन, अभिषेक अनुष्ठान, सहित विभिन्न आयोजन होंगे।
- ग्वालियर जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान को प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के लिये जगह–जगह जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

----------------